Statement

Annual outlay for 1992-93 and 8th Plan outlay (Tentative) for Centrally Sponsored Schemes under Elementary Education

(Rs. in crores)

Sl. No.	Name of the Scheme	Annual outlay for 1992-93	VIII plan outlay
1.	Operation Blackboard	99·14	911·00
2.	Non-formal Education	90·10	705·00
3.	Strengthening of Teacher Education Programmes	64·50	547·00
4.	Balbhavan	1·00	5·00
5.	National Commission on Teacher Education	0·50	4·00
6.	Monitoring of UEE	0·86	10·00
7.	Operationalising Microplanning	3·00	40·00
8.	Improvement of Learner Achievement	2·00	25·00
9.	Externally assisted projects	18·90	633·00

राजस्थान में प्राथमिक विद्यालयों का बन्द किया जाना

3394. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार विद्यालय खोलने के लिए राज्य सरकारों को निधियां उपलब्ध कराती है ;

(ख) यदि हां, तो 1988–92 की अवधि के दौरान इस संबंध में राजस्थान राज्य को उपलब्ध कराई गई धनराशियों का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्य सरकार द्वारा 1990 में 6000 प्राथमिक विद्यालयों के बन्द किए जाने के क्या कारण थे और यह धनराशि किस शीर्ष के अधीन प्रयुक्त की गई ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) प्राइमरी स्कूल खोलने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है तथा इनके लिए निधियों का प्रावधान राज्य योजनाओं में किया जाता है। योजना आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार राजस्थान राज्य को वर्ष 1988–92 के दौरान राज्य क्षेत्र के अन्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा के लिए निम्नलिखित राशि आवंटित की गई थी :

वर्ष	राशि (लाख रु. में)
1988–89	3230.00
1989–90	5700.00
1990–91	2248.57
1991–92	3100.00

(ग) राज्य सरकार से सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।